अनमोल वचन

"मन और इंद्रियों का सांसारिक विषयों से पोषण अंत में पछतावे का कारण बनता है।"

दैनिक समाचार पत्र

# जीत समाचार

जीत सच्ची खबर की

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश




वर्ष : 13 अंक : 183 मूल्य : 5 रू पृष्ठ : 8

शुक्रवार
22 मई 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## संक्षिप्त न्यूज

### रिटेल नेटवर्क में ईंधन की आपूर्ति स्थिर, देश में ईंधन की कोई कमी नहीं: इंडियन ऑयल

नई दिल्ली । इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बताया है कि उसके रिटेल नेटवर्क में ईंधन की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है और देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है। सोशल मीडिया पोस्ट में इंडियन ऑयल ने स्पष्ट किया है कि उसने रिटेल आउटलेट्स पर ईंधन की राशनिंग यानी सीमित बिक्री के लिए कोई निर्देश जारी नहीं किया है और पूरे देश में आपूर्ति का काम बिना किसी रुकावट के चल रहा है।कंपनी ने यह भी बताया कि हाल के दिनों में ईंधन की मांग में जो बढ़ोतरी हुई है, उसकी मुख्य वजह कटाई के मौसम में डीजल की खपत का बढ़ जाना है। इंडियन ऑयल ने यह भी कहा है कि मांग में यह अतिरिक्त दबाव इसलिए भी बढ़ा है, क्योंकि ग्राहक निजी रिटेलरों की तुलना में इंडियन ऑयल के रिटेल आउटलेट्स पर मिलने वाले कम दामों की वजह से अब उसकी तरफ रुख़ कर रहे हैं।इंडियन ऑयल ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अफरा तफरी में जरूरत से ज्यादा ईंधन न खरीदें और सही जानकारी के लिए केवल आधिकारिक संचार माध्यमों पर ही भरोसा करें।इंडियन ऑयल ने पूरे देश में भरोसेमंद तरीके से ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराया


थेंइंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बताया है कि उसके रिटेल नेटवर्क में ईंधन की आपूर्ति स्थिर बनी हुई है और देश में ईंधन की कोई कमी नहीं है। सोशल मीडिया पोस्ट में इंडियन ऑयल ने स्पष्ट किया है कि उसने रिटेल आउटलेट्स पर ईंधन की राशनिंग यानी सीमित बिक्री के लिए कोई निर्देश जारी नहीं किया है और पूरे देश में आपूर्ति का काम बिना किसी रुकावट के चल रहा है। कंपनी ने यह भी बताया कि हाल के दिनों में ईंधन की मांग में जो बढ़ोतरी हुई है, उसकी मुख्य वजह कटाई के मौसम में डीजल की खपत का बढ़ जाना है। इंडियन ऑयल ने यह भी कहा है कि मांग में यह अतिरिक्त दबाव इसलिए भी बढ़ा है, क्योंकि ग्राहक निजी रिटेलरों की तुलना में इंडियन ऑयल के रिटेल आउटलेट्स पर मिलने वाले कम दामों की वजह से अब उसकी तरफ रुख़ कर रहे हैं। इंडियन ऑयल ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अफरा तफरी में जरूरत से ज्यादा ईंधन न खरीदें और सही जानकारी के लिए केवल आधिकारिक संचार माध्यमों पर ही भरोसा करें।इंडियन ऑयल ने पूरे देश में भरोसेमंद तरीके से ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराया थें।


# रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फील्ड अधिकारियों के साथ उच्च-स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में फील्ड अधिकारियों के साथ एक उच्च-स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान यह जानकारी सामने आई कि रेलगाड़ियों में हाल ही में हुई आग लगने की कई घटनाओं की शुरुआती जाँच में पता चला है कि इन घटनाओं में असामाजिक तत्व शामिल थे। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी घटनाओं को गंभीरता से लिया गया है और रेलवे सुरक्षा बल-आरपीएफ इनकी सक्रियता से जाँच कर रहा है।

सुरक्षा समीक्षा बैठक के दौरान बेहतर रिपोर्टिंग प्रणाली के माध्यम से खुफिया जानकारी जुटाने के तंत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा, प्रौद्योगिकी-आधारित सुरक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने, पूरे रेलवे नेटवर्क में सीसीटीवी कवरेज का विस्तार करने और परिचालन सुरक्षा में सुधार करने पर भी जोर दिया गया। बैठक में साइबर सुरक्षा को मजबूत करने, कैमरों को उन्नत करने और एआई-आधारित निगरानी तथा मॉनिटरिंग प्रणालियों को तैनात करने पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई।

## साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने मुंबई में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का दौरा किया




मुंबई (एजेंसी)। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स ने आज मुंबई में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का दौरा किया और पारंपरिक घंटी बजाने की रस्म में हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साइप्रस भारत, यूरोप और पूर्वी भूमध्य सागर के बड़े हिस्से तथा मध्य पूर्व के बीच एक स्वाभाविक प्रवेश द्वार है। यह राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता के साथ-साथ महत्वाकांक्षा, नवाचार और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण का भी संगम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि साइप्रस भारत के साथ आपसी निवेश को बढ़ावा देने और व्यापार, निवेश तथा वित्तीय संबंधों को और गहरा करने के लिए उत्सुक है।

उन्होंने कहा कि यह दौर निवेश, पूंजी बाजारों, सहयोग और वित्तीय कनेक्टिविटी के लिए नए रास्ते खोल रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज जैसे संस्थान इस कनेक्टिविटी के पुल को आकार देने और भारत तथा यूरोपीय संघ के बीच बढ़ती साझेदारी को सुगम बनाने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।इस अवसर पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के अध्यक्ष श्रीनिवास इंजेती, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीषकुमार चौहान तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

इसके बाद साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स दिल्ली के लिए रवाना हो गए। हवाई अड्डे पर महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, प्रोटोकॉल मंत्री जयकुमार रावल और अन्य लोगों ने उन्हें विदाई दी।

## फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' का 75वां मेगा संस्करण आयोजित करेगा युवा कार्य और खेल मंत्रालय

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
MINISTRY OF YOUTH AFFAIRS AND SPORTS
सत्यमेव जयते

नई दिल्ली । युवा कार्य और खेल मंत्रालय पूरे देश में राष्ट्रमंडल खेल दिवस मनाने के लिए 'फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल' का 75वां मेगा संस्करण आयोजित करेगा। युवा कार्य और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 24 मई को अहमदाबाद से इन समारोहों की अगुवाई करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की भारत की मेजबानी के संबंध में जनता की भागीदारी को बढ़ाना है और साथ ही देश की दीर्घकालिक ओलंपिक महत्वाकांक्षा की दिशा में गति प्रदान करना है। इस 75वें संस्करण को केवल एक साइकिलिंग अभियान के रूप में ही नहीं, बल्कि एक राष्ट्रव्यापी खेल उत्सव के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जो भारत को एक वैश्विक खेल शक्ति के रूप में उभरने का प्रतीक है। यह साइकिलिंग अभियान पूरे देश में 8 हजार से अधिक स्थानों पर नागरिकों को एकजुट करेगी।अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल खेलों की थीम पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया जाएगा।

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की
www.zeetsamachar.com

## आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के विद्यार्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की



आंध्र प्रदेश (ब्यूरो)। आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले के विद्यार्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज उपराष्ट्रपति भवन में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की। गरीब और वंचित पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को शैक्षणिक दौरे पर दिल्ली लाने की पहल की सराहना करते हुए, उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसी यात्राओं से विद्यार्थियों को कक्षा से बाहर सीखने और उनके दृष्टिकोण को व्यापक बनाने में मदद मिलती है।

बातचीत के दौरान, उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपनी वर्तमान आर्थिक स्थिति से निराश न हों। उन्होंने कहा कि शिक्षा उन्हें अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाएगी। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सरकारी स्कूलों को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए और उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने सांसदों और विधायकों से भी सरकारी स्कूलों के सुधार और उन्हें मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया।

श्री राधाकृष्णन ने इस बात पर भी प्रसन्नता व्यक्त की कि दिल्ली की शैक्षिणिक यात्रा पर आए 41 सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों में 27 छात्राएँ शामिल थीं, जो देश में 'नारी शक्ति' की बढ़ती ताकत को दर्शाता है। उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को हमेशा तीन सिद्धांतों को याद रखने की सलाह दीरू पूरी ईमानदारी से कड़ी मेहनत करना, सफलता मिलने पर भी विनम्र बने रहना, और अपने ज्ञान का उपयोग समाज के कल्याण के लिए करना।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने असम विधानसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर रंजीत कुमार दास को बधाई दी



असम। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रंजीत कुमार दास को असम विधानसभा का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी है। श्री बिरला ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि श्री दास का विधायी मामलों में व्यापक अनुभव और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण विधानसभा की प्रतिष्ठा और लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करेगा।

## कलकत्ता उच्च न्यायालय ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज दुष्कर्म-हत्या मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की



कलकत्ता(ब्यूरो)। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुए दुष्कर्म-हत्या मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। तीन सदस्यों की एसआईटी का नेतृत्व केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्वी जोन के संयुक्त निदेशक करेंगे। न्यायालय ने एसआईटी को 25 जून तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

न्यायमूर्ति शम्पा सरकार और न्यायामूर्ति तीर्थंकर घोष की खंड पीठ ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वे 9 अगस्त 2024 को पीड़िता के रात के खाने से लेकर उसके अंतिम संस्कार तक की घटनाओं की फिर से जांच करें।

अदालत का यह फैसला पीड़िता के परिवार की बार-बार जताई गई चिंताओं के बाद आया है। परिवार ने आरोप लगाया था कि सबूतों के साथ छेड़छाड़ की गई है और तथ्यों को छिपाया गया है। पीठ ने जोर देकर कहा कि एसआईटी को हर छोटी-बड़ी बात की बारीकी से जांच करनी चाहिए।

## 13 वर्षो बाद दिल्ली में बड़े पैमाने प र नए राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू की गई :मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता




नई दिल्ली(ब्यूरो)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज कहा कि 13 वर्षो के लंबे इंतजार के बाद राजधानी में बड़े पैमाने पर नए राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया 15 मई से दोबारा शुरू कर दी गई है। दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री ने यह जानकारी दी। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'अंत्योदय' संकल्प को आधार बनाकर यह सुनिश्चित कर रही है कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि ई डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से नए राशन कार्ड और परिवार के सदस्यों के नाम जोड़ने के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू किए जा चुके है।

श्रीमती गुप्ता ने बताया कि सरकार ने कार्यभार संभालने के बाद राशन वितरण व्यवस्था का व्यापक ऑडिट कराया है। उन्होंने कहा कि इसमे बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां सामने आई है और जांच में लगभग सात लाख अपात्र और फर्जी लाभार्थी पाए गए।

उन्होंने बताया कि राशन दुकानों पर पारंपरिक वजन मशीनों की जगह ई-वेइंग मशीनें लगाई जा रही हैं और बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण अनिवार्य किया गया है।

उन्होंने जानकारी दी कि अब नई व्यवस्था के तहत राशन कार्ड के लिए आवेदन करते समय परिवारों को आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, नवीनतम आय प्रमाण पत्र और परिवार के सभी सदस्यों का आधार विवरण जमा करना होगा। इससे पात्रता की सही जांच हो सकेगी और सरकारी योजनाओं का लाभ केवल वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच सकेगा। साथ ही, इसमें पारदर्शी और त्रि-स्तरीय सत्यापन प्रक्रिया भी इसमें शामिल किया गया है।


मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली खाद्य सुरक्षा नियम 2026 के तहत राशन कार्ड के लिए अनिवार्य वार्षिक पारिवारिक आय सीमा एक लाख रूपये से बढ़ाकर एक लाख बीस हजार रूपये कर दी गई है।

वहीं, दिल्ली के खाद्य और आपूर्ति मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि पिछली सरकारों ने राशन व्यवस्था को राजनीति और भ्रष्टाचार का माध्यम बना दिया था। साथ ही, नए राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया लगभग ठप कर दी गई थी, जिसके कारण लाखों गरीब परिवार अपने अधिकारों से वंचित रह गए। श्री सिरसा ने कहा कि दिल्ली सरकार ने इस व्यवस्था को समाप्त करने का संकल्प लेकर पारदर्शी और जनहितकारी व्यवस्था लागू करने का कार्य किया है जिससे प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उसका अधिकार सम्मानपूर्वक मिल सके।

## जम्मू-कश्मीरः उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कटरा में केंद्रीयकृत रसोई अक्षयपात्र की आधारशिला रखी




जम्मू-कश्मीर (ब्यूरो)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज कटरा में केंद्रीयकृत रसोई अक्षयपात्र की आधारशिला रखी। इस रसोई के शुरू होने पर प्रतिदिन पांच हजार विद्यार्थियों को पोषक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने जम्मू में केंद्रीयकृत रसोई सहित केंद्र शासित प्रदेश में अन्य स्थानों पर अक्षयपात्र शुरू करने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवापीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए सरकार और सामाजिक संगठनों के बीच सहयोग मजबूत करने का आग्रह किया।


|| धर्मो रक्षति रक्षितः ||
ॐ
श्री हिंन्दू तख्त
सनातन धर्म सेवा संगठन
"धर्म की जड़ें
जितनी गहरी होती हैं,
उतना ही अडिग होता है
हमारा अस्तित्व।"
क्रांतिकारी तपस्वी
स्वामी धनंजय गिरी जी महाराज
राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हिन्दू तख्त एवं पीठाधीश्वर
सनातन न्याय पीठ
श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा
ॐ
श्री हिन्दू तख्त
आप भी हमारे संस्थान से जुड़े
संपर्क 9878910253 / 7889524055
धर्म की रक्षा
हमारा संकल्प
संस्कृति का उत्थान
हमारा उद्देश्य
समाज सेवा
हमारी पहचान
एकता, आस्था,
सेवा, संस्कार
हमारी पहचान

# महंगाई का महा-विस्फोट!

मोदी सरकार ने आखिरकार देश में महंगाई की आग भड़का ही दी। मोदी सहित भाजपा के मुख्यमंत्रियों को अभी दो दिन पहले ही अचानक फिजूलखर्ची रोकने की हिचकियां आने लगीं और शुक्रवार को उन्होंने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का बम फोड़ दिया। पेट्रोल और डीजल के दामों में प्रति लीटर तीन रूपए की वृद्धि की गई है। मुंबई में अब पेट्रोल की कीमत बढ़कर 106 रूपए प्रति लीटर हो गई है, जबकि एक लीटर डीजल के लिए मुंबई करों को 93.14 रूपए चुकाने होंगे। सोने-चांदी से लेकर दूध तक कई चीजों के दाम पहले ही बढ़ चुके थे। उसमें सरकार ने ईंधन की कीमतें बढ़ाकर आग में घी डालने का काम किया है। पांच राज्यों के चुनाव होने तक सरकार इस मामले में मुंह में दही जमाए बैठी थी। खाड़ी युद्ध के कारण भारत की ईंधन आपूर्ति पर मोदी ने कैसे आंच नहीं आने दी, जनता को कैसे ईंधन संकट और मूल्य वृद्धि से बचाए रखा, भाजपा के लोग और उनके पिछलग्गू तब ऐसी लफ्फाजी कर रहे थे। लेकिन जैसे ही वे चुनाव खत्म हुए, वहां भाजपा का चुनावी जश्न थमा, सैकड़ों गाड़ियों के रोड-शो और उन पर लाखों रूपयों के ईंधन की बर्बादी पूरी हुई, वैसे ही अचानक प्रधानमंत्री मोदी को किफायत बरतने और 'विदेशी मुद्रा बचाने' की जोरदार याद आ गई। उन्हें देश पर मंडरा रहे ईंधन संकट और सोने की खरीद के कारण विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहे असर का अहसास हो गया। रूपए की भारी गिरावट का भान हुआ। इसके बाद उन्होंने जनता से किफायत बरतने की अपील की। जब विपक्ष ने इस बात पर उनकी आलोचना की, तो तिलमिलाए भाजपाइयों ने विपक्ष को ही कटघरे में खड़ा कर दिया। तो फिर अब सरकार द्वारा की गई इस ईंधन मूल्य वृद्धि पर उनका क्या कहना है? ईंधन के दाम बढ़ाकर और सोने के आयात पर सीमा शुल्क (इंपोर्ट ड्यूटी) में बढ़ोतरी करके सरकार ने खुद ही विपक्ष के इन आरोपों को सच साबित कर दिया है। खाड़ी में युद्ध शुरू हुए अब करीब तीन महीने होने को हैं। इसका अलग-अलग देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर असर पड़ा है। लेकिन केवल मोदी की वजह से भारत कैसे इस संकट से दूर रहा, इसके ढोल पीटे जा रहे थे। अब इन ढोलों को खुद सरकार को ही फोड़ना पड़ा है। मोदी द्वारा किफायत बरतने की अपील के महज तीन दिन बाद ही सरकार ने जनता को महंगाई की भट्ठी में झोंक दिया। सोने-चांदी की कीमतें तो पहले ही आम आदमी की पहुंच से बाहर हो चुकी हैं। दूध दो रूपए महंगा हो गया है। अब पेट्रोल-डीजल महंगा होने से सब्जियों और फलों से लेकर सभी आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ जाएंगे। इसके अलावा, पेट्रोल-डीजल की यह मूल्य वृद्धि यहीं रूक जाएगी, ऐसी भी संभावना कहां है? अगर खाड़ी में युद्ध की स्थिति नहीं सुधरी तो इन कीमतों का और बढ़ना तय है। भले ही अंधभक्त मोदी को 'विश्वगुरू' वगैरह कह रहे हों, लेकिन खाड़ी का युद्ध, उससे उत्पन्न वैश्विक स्थिति और भारत पर उसका प्रभाव रोकना अब मोदी के बस की बात नहीं रही, यह साफ हो चुका है। देश इस समय गंभीर आर्थिक और ईंधन संकट के मुहाने पर खड़ा है। सरकार ने जनता को महंगाई के ज्वालामुखी के मुहाने पर ला खड़ा किया है। पेट्रोल-डीजल की मूल्य वृद्धि का सरकार द्वारा 'दबाकर रखा गया सच' आखिरकार सरेआम आ ही गया। जनता ने मोदी को लगातार तीन बार देश की सत्ता सौंपी। पांच में से तीन राज्य उनकी झोली में डाल दिए। बदले में मोदी ने जनता को महंगाई का 'रिटर्न गिफ्ट' दिया है!

-कमल पवार




जीत क्लासीफाइड

अपना क्लासिफाईड/ डिस्पले विज्ञापन
अपना नाम परिवर्तन, मकान,
शादी, जन्मदिन आदि के लिए सम्पर्क करें।

9803025111, 8878400009

जीत समाचार TV
जीत सच्ची खबर की

जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची ख़बर की

मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारो के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# करनाल के ग्रामीण क्षेत्रों में 21 से 27 मई तक चलेगा स्वच्छता जागरूकता अभियान




करनाल (ब्यूरों)। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों को साफ-सुथरा बनाने और कचरा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला में 21 मई से 27 मई तक विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारी व जनप्रतिनिधि अभियान को सफल बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करे।

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में स्वच्छता जागरूकता अभियान को लेकर आयोजित कार्यशाला के दौरान अभियान का विधिवत शुभारंभ किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि भारत सरकार शहरी क्षेत्रों की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रही है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2026 के प्रावधानों को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। गांवों में शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन सुनिश्चित किया जाए। कचरे के पुराने ढेरों (हॉटस्पॉट्स) की पहचान कर उनका उचित निस्तारण किया जाए। इसके अलावा आमजन को गीला, सूखा और सेनेटरी कचरा अलग-अलग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामीण स्कूलों में जागरूकता रैलियां निकाली जाएं और पेंटिंग और स्लोगन लेखन जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं। बच्चों के माध्यम से उनके अभिभावकों और समाज को स्वच्छता का संदेश दिया जाए। उन्होंने बीडीपीओ को निर्देश दिए कि वे सरपंचों और पंचों के माध्यम से गांवों में बल्क वेस्ट जनरेटर्स (ज्यादा कचरा पैदा करने वाले संस्थान) और डंपसाइट्स को चिह्नित करें। उन्होंने कहा कि करनाल के गांवों को स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए अधिकारियों और सरपंचों का योगदान महत्वपूर्ण है। गांवों में ग्राम सभाएं, प्रभातफेरियां और प्रतिनिधियों के साथ बैठकें कर इस मुहिम को जन-आंदोलन का रूप दिया जाए।

इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद अमित, डीडीपीओ कंचनलता, सभी खंडों के बीडीपीओ सहित विभिन्न गांवों के सरपंच मौजूद रहे।

# मलिन बस्तियों के बच्चों के लिए विशेष शिविर संपन्न 515 बच्चों का रजिस्ट्रेशन, 125 बच्चों के बने आधार कार्ड

हरियाणा (ब्यूरों)। महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला बाल संरक्षण यूनिट की ओर से आज अंतिम दिन सेक्टर 33 के न्यू कम्युनिटी सेंटर में मलिन बस्तियों (स्लम एरिया) के बच्चों के पुनर्वास के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, जिला रेडक्रॉस सोसायटी, नागरिक संसाधन सूचना विभाग (क्रीड), शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल संरक्षण यूनिट, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आदि की ओर से अलग-अलग काउंटर स्थापित किए गए थे।

शहर में अलग-अलग स्थानों पर आयोजित किए गए विशेष शिविरों में 515 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया। इनमें 125 बच्चों के आधार कार्ड बनाए गए। इन शिविरों में 109 बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों व 119 बच्चे स्कूल में प्रवेश के योग्य पाए गए। इसके अलावा 340 बच्चों की एचआईवी काउंसलिंग की गई व 20 बच्चों को गंभीर बीमारियां पाए जाने पर सिविल अस्पताल में रेफर किया गया।

वीरवार को आयोजित शिविर में डब्ल्यूसीडी की ओर से 49 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों द्वारा बच्चों का रक्तचाप, वजन, ऊंचाई, सिर व बाजू का माप के अलावा जन्मजात विकारों यथा-दिल में छेद आदि की जांच की गई। गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों का टीकाकरण भी किया गया। शिविर में पहुंचे चर्म, दंत व छाती रोग के 7 बच्चों को सिविल अस्पताल रेफर किया गया। क्रीड की ओर से 35 बच्चों के मौके पर ही आधार कार्ड बनाए गए। शून्य से छह साल के 19 बच्चे आंगनवाड़ी केंद्रों और 6 से 15 साल के 10 बच्चे स्कूल में प्रवेश के योग्य पाए गए। जिनका आंगनवाड़ी केंद्र और स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा 14-15 साल की युवतियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगवाने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही 36 बच्चों का एचआईवी काउंसलिंग की गई। जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से बच्चों को अल्पाहार वितरित किया गया।



बता दें कि शिविर का मुख्य उद्देश्य निराश्रित, बेसहारा, भिक्षावृति, बालश्रम जैसी परिस्थितियों में सडक पर रहने वाले बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाना है। दस्तावेज तैयार होने के बाद ये बच्चे सरकार की विभिन्न योजनाओं का भी फायदा उठा सकते हैं।

# शोक संदेश



जीत समाचार जयसिंहपुर । आम आदमी पार्टी जयसिंहपुर के अध्यक्ष कैप्टन विनोद चाडक की माता श्रीमती सरोजनी देवी पत्नी स्वर्गीय गुरदेव सिंह गांव कमांद डाकघर करणघट का 74 वर्ष की आयु में पैरालाइज के अटैक के कारण ब्रेन हेमरेज होने से विवेकानंद हॉस्पिटल पालमपुर में इलाज के दौरान देहात हो गया। इनका संस्कार आज कुंजेश्वर महादेव लंबगांव में कर दिया गया । वह अपने पीछे फलता फूलता परिवार बेटा ,बहू व पौता छोड़कर गए हैं। भगवान दिवंगत आत्मा को शांति दे ।आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता काली दास, पूर्ण चंद जिला काँगड़ा के ऑब्जर्वर, जिला अध्यक्ष पालमपुर शेर सिंह, उपाध्यक्ष प्रीतम मेहरा व सुनील कुमार, करम सिंह, संगठन मंत्री रवि कुमार,रंजन चाड़क , अर्जुन, रवि, राज कुमार, अमरजीत प्रभात कौंडल आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा निम्न क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों का वितरण किया जाएगा

जीत समाचार (रवि कुमार)। कल दिनांक 22/05/2026 को चढ़ियार गैस सर्विस द्वारा निम्न क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों का वितरण किया जाएगा

बजोत, पतन, मैला, संगोल, हरसी, धनिरी, कथला, खल्टा, टिक्करू, संध, लाहड़ तथा चंबी।

कल हमारे कार्यालय अथवा गोदाम से किसी भी प्रकार का सिलेंडर वितरण नहीं किया जाएगा।

यदि आपके कोई सुझाव अथवा शिकायत हो, तो कृपया निम्न नंबरों पर प्रातः 9:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक संपर्क करें।01894-257444,01894-257666

## 16 जून शुरू हो रहा हमाचल प्रदेश में जनगणना 2027 का पहला चरण




शिमला ।हिमाचल प्रदेश में जनगणना 2027 का पहला चरण 16 जून से शुरू हो रहा है जो 15 जुलाई तक चलेगा। जनगणना निदेशालय, हिमाचल प्रदेश की निदेशक दीपशिखा शर्मा ने बताया कि जनगणना2027 में पहली बार परिवार को स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध होगा और लोग एक से 15 जून तक ऑनलाइन माध्यम से वेब पोर्टल पर भी अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से जनगणना2027 में सहयोग की अपील की है।

# पुलिस के नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान



शिमला। शिमला पुलिस के नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सबसे बड़े उपनगर संजौली में एक व्यक्ति को चिट्टा यानी हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से करीब 26 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया है। मामले में आरोपी को अदालत में पेश करने के बाद पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। शिमला के एसएसपी गौरव सिंह ने वीरवार को ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 मई को स्पैशल सैल शिमला और शिमला पुलिस की टीम लक्कड़ बाजार, संजौली, ढली और आसपास के क्षेत्रों में गश्त कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि संजौली का रहने वाला रवि कुमार उर्फ बंटी इलाके में चिट्टा बेचने का काम करता है और वह संजौली चौक के पास मादक पदार्थ की सप्लाई देने आने वाला है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने संजौली चौक के पास नाकाबंदी की। जांच के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध बुलेट मोटरसाइकिल को रोका। पूछताछ में चालक की पहचान 35 वर्षीय रवि कुमार उर्फ बंटी निवासी संजौली के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके पास से करीब 26 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। एसएसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना संजौली में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया और मामले की आगे जांच जारी है।

# 30 तक लगवा लें सर्विकल कैंसर से बचाव का टीका

हमीरपुर (ब्यूरो) मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने बताया कि 14-15 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों को सर्विकल कैंसर से बचाने के लिए आरंभ किया गया एचपीवी वैक्सीन का मुफ्त टीकाकरण अभियान 30 मई को समाप्त होने जा रहा है। इसलिए, अभी तक एचपीवी वैक्सीनेशन से छूटी 14-15 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियां और उनके अभिभावक 30 मई तक टीकाकरण सुनिश्चित कर लें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जो लड़कियां इस बार के अभियान से छूट जाएंगी, उन्हें भविष्य में यह टीका लगवाने का मौका मिलना मुश्किल है। डॉ. अजय अत्री ने बताया कि जिला हमीरपुर में इस अभियान के दौरान लगभग 2967 लड़कियों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लेकिन अभी तक केवल 41 प्रतिशत यानि 1228 लड़कियों ने ही यह टीका लगवाया है और अभियान की समाप्ति के लिए 10 दिन से भी कम समय बचा है।

डॉ. अजय अत्री ने लड़कियों के अभिभावकों के अलावा सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों से भी आग्रह किया है कि वे अपने-अपने शिक्षण संस्थानों की 14-15 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियों को एचपीवी वैक्सीन का टीका लगवाने के लिए प्रेरित करें।

# पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय में एनआईटी पुडुचेरी के विद्यार्थियों ने जाना कृषि विरासत का महत्व



जीत समाचार पालमपुर(शानू धीमान)। चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में गुरुवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम चरण-6 कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रतिनिधिमंडल का भ्रमण करवाया गया। इस प्रतिनिधिमंडल में एनआईटी पुडुचेरी के 60 विद्यार्थी एवं सात संकाय सदस्य तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश के तीन संकाय सदस्य शामिल थे। इस भ्रमण का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा कृषि शिक्षा एवं ग्रामीण उद्यमिता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।भ्रमण के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ए. के. पांडा के साथ संवाद किया। कुलपति ने सतत कृषि, ग्रामीण विकास तथा युवाओं के कौशल विकास में कृषि विश्वविद्यालयों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को कृषि नवाचारों एवं राष्ट्र निर्माण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा डा विनोद शर्मा के साथ भी संवादात्मक सत्र में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न प्रसार शिक्षा कार्यक्रमों, किसानोन्मुख गतिविधियों तथा कृषक समुदाय के कल्याण हेतु चलाए जा रहे प्रसार कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की गई।

तकनीकी प्रकोष्ठ के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. लव भूषण ने कार्यक्रम का समन्वयन किया तथा प्रतिनिधिमंडल को विश्वविद्यालय की प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को किसानों एवं ग्रामीण युवाओं के हित में विश्वविद्यालय द्वारा प्रोत्साहित विभिन्न तकनीकों एवं नवाचारों की जानकारी दी।शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक संग्रहालय का भी अवलोकन किया, जहां उन्हें कृषि विरासत, वैज्ञानिक उपलब्धियों तथा विश्वविद्यालय के शैक्षणिक संसाधनों से परिचित कराया गया। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित "हुनर हाट" का भी भ्रमण किया, जहां स्थानीय उत्पादों, पारंपरिक हस्तशिल्प तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली उद्यमशील गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया।प्रतिनिधिमंडल ने कृषि शिक्षा, अनुसंधान, प्रसार सेवाओं तथा स्थानीय संस्कृति एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के क्षेत्र में विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं देश के विभिन्न भागों से आए युवाओं के मध्य सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक संबंधों को सुदृढ़ बनाने हेतु विचार-विमर्श के साथ हुआ।

## मेयर ने सुआ रोड पर बंद सीवर लाइनों पर सख्त कार्रवाई

## कीय सड़क ठेकेदार को काम ठीक करने या जुर्माना लगाने का निर्देश



जीत समाचार लुधियाना।

ग्यासपुरा इलाके में सुआ रोड पर बंद सीवर लाइनों का सख्त संज्ञान लेते हुए, मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने गुरुवार को मौके का निरीक्षण किया। सड़क ठेकेदार को काम ठीक करने या जुर्माना लगाने के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान, इलाके के निवासियों ने शिकायत की कि सड़क बनाने के लिए नियुक्त ठेकेदार ने सीवर लाइनों में निर्माण का मलबा डाल दिया था, जिसके कारण लाइनें बंद हो गई और सड़क पर सीवर का पानी जमा हो गया।

मेयर इंदरजीत कौर ने कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि भविष्य में कोई अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान सुपरवाइजिंग इंजीनियर शाम लाल गुप्ता, सुपरवाइजिंग इंजीनियर एकजोत सिंह और नगर निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

मेयर इंदरजीत कौर ने कहा कि ठेकेदार की गलतियों के कारण शहर के निवासियों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे ठेकेदार से काम करवाएं, अन्यथा जुर्माना लगाएं।

मेयर ने संबंधित अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी मैनहोल कवर टूटा हुआ या गायब न हो, क्योंकि इससे दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

मेयर इंदरजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में काम करते हुए, वे जमीनी स्तर पर जनता की सुविधा के लिए सख्ती से काम कर रहे हैं। जमीनी स्तर पर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आने वाले दिनों में भी, वे जमीनी स्तर पर स्थिति की जांच करने के लिए शहर में औचक निरीक्षण करेंगी।






## मिशन स्वस्थ कवच के तहत सीपीआर और फर्स्ट एड में आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम और कम्युनिटी हेल्थ अधिकारियों को ट्रेनिंग दी गई



जीत समाचार लुधियाना। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च द्वारा समर्थित India&EMS प्रोजेक्ट के तहत, क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (बडह), लुधियाना ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से, कम्युनिटी आधारित इमरजेंसी मेडिकल सेवाओं को मजबूत करने के लिए 'मिशन स्वस्थ कवच' के तहत ब्लॉक स्तर पर इमरजेंसी केयर ट्रेनिंग का आयोजन किया।इस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम और कम्युनिटी हेल्थ अधिकारियों को जीवन बचाने वाले जरूरी कौशल, जैसे CPR, फर्स्ट एड, 108 एम्बुलेंस सेवाओं के बारे में जागरूकता और अहम 'प्लैटिनम मिनट्स' के दौरान समय पर इमरजेंसी प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार करना था। इस पहल का नेतृत्व डॉ. जयराज डी. कर रहे हैं। Pandian India EM टीम का लक्ष्य जिला प्रशासन और स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके गाँव के स्तर पर प्रशिक्षित फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स तैयार करना और पूरे पंजाब में इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत बनाना है।






## जन्मदिन की शुभकामनाएं

जीत समाचार परिवार की ओर से शिवानी को जन्मदिन कर बहुत बहुत शुभकामनाए।







आज से
खुद से करें
अपनी जनगणना
विजिट करें ये वेबसाइट
se.census.gov.in
और अपने मोबाइल नंबर से रजिस्टर करके सारी जानकारी से सही जवाब देकर स्वगणना को कंप्लीट करें
भारत की जनगणना
CENSUS OF INDIA
2027
हमारी जनगणना
हमारा भविष्य
भारत की जनगणना
Census of India
2027
स्वगणना फॉर्म
Self Enumeration Form
व्यक्तिगत जानकारी
परिवार की जानकारी
शिक्षा
व्यवसाय
आवास संबंधी जानकारी
स्वगणना को कंप्लीट करें


॥ मिलन बैंक्वेट हॉल ॥
पंचरुखी रेलवे स्टेशन के पास
विवाह एवं पार्टियां
रुम्स उपलब्ध
9459079097
खुशियाँ आपकी, व्यवस्था हमारी!
शुभ अवसरों के लिए आज ही बुकिंग करें!